श्रीकृष्ण अत्यंत आकर्षक हैं और उनकी सुंदरता मादक है। लेकिन आध्यात्मिक दुनिया की श्रेणी में उनका स्थान कहां है?

श्रीकृष्ण स्वयं भगवान हैं और इसलिए कोई भी उनके बराबर या उनसे श्रेष्ठ नहीं है। वह सुंदरता, शक्ति, दया सहित अन्य सभी विशेषताओं में शीर्ष पर है।

महाविष्णु श्रीकृष्ण के एक अंश मात्र है जो ब्रह्मांड के संपूर्ण प्रबंधन की देखरेख करते है।

प्रत्येक ब्रह्मांड में एक ब्रह्मा, एक विष्णु और एक शंकर हैं जो क्रमशः ब्रह्मांड का निर्माण, ब्रह्मांड की रक्षा तथा पालन और अंत में ब्रह्मांड का नाश करते है।

भौतिक जगत को मुख्य रूप से तीन श्रेणियों में बांटा गया है: स्वर्ग, जीवित दुनिया और नरक। सभी माया बद्ध जीव अपने कर्मों के अनुसार इन स्थलों में घूमते रहते हैं।

भगवान के अन्य सभी रूपों को भगवान के स्वांश के रूप में जाना जाता है। उनके पास भगवान की पूर्ण शक्तियां हैं। इसलिए भगवान के सभी रूपों के उपासक अनंत और शाश्वत आनंद पाने में सफल होते हैं।

लेकिन ईश्वर के तत्व होने के बावजूद, स्वांश होने कारण वे श्रीकृष्ण की ओर आकर्षित होते हैं।

इस प्रकार श्रीकृष्ण सबसे ऊपर हैं। उनके पास चार विशेष आकर्षण या माधुर्य हैं जो अन्य रूपों में मौजूद

नहीं हैं। वे हैं - रूप माधुरी, प्रेम माधुरी, लीला माधुरी, मुरली माधुरी

1. रूप माधुरी: अत्यंत मनमोहक आकर्षक रूप। जैसा कि पहले कहा गया है कि ब्रह्मा, विष्णु, शंकर, महा विष्णु, दुर्गा, कमला, सरस्वती और अन्य सभी देवी-देवता अपनी सुंदरता एवं आनंद में कमी मेहसूस करते है जब वे श्रीकृष्ण को देखते है। इसी कारण वे श्रीकृष्ण के अधिक मधुर रूप की ओर खिंचे चले आते हैं।

एक बार कामदेव, जो सब को मोहित करता है, रास के समय, श्रीकृष्ण को मोहित करने गया लेकिन श्रीकृष्ण को अपनी ओर आकर्षित करने के बजाय खुद उनकी ओर आकर्षित हो गया। इसलिए श्रीकृष्ण का मदन मोहन भी है। मदन माने कामदेव, उनको जिसने मोहित किया वो है मदनमोहन श्रीकृष्ण।

यही कामदेव एक बार शंकरजी को भी मोहित करने गया था ताकि उनके मन में पार्वती से रतिक्रिडा करने की इच्छा पैदा हो। शंकरजी उस समय समाधी में लीन थे।

shreeradha.com
shreeradha.eschool@gmail.com
WhatsApp +91 9423209132